

# सीएम कन्या विवाह-निकाह सम्मेलन में 200 से अधिक जोड़े बंधे परिणय सूत्र में

## विधि विधान से आयोजित हुआ विवाह, नव दम्पत्ति गृहस्थ जीवन में किए प्रवेश




**नवभारत न्यूज**

**मऊगंज, 23 जनवरी, मऊगंज में आयोजित जिला स्तरीय सामूहिक विवाह, निकाह आयोजन में 200 से अधिक जोड़े परिणय सूत्र में बंधे. गरिमामय समारोह में जिले के विभिन्न क्षेत्र से आये जोड़ों ने वैदिक मंत्रोंच्चार और सामाजिक रीति रिवाज के साथ गृहस्थ जीवन में प्रवेश किया.**

शहीद केदारनाथ महाविद्यालय प्रांगण में आयोजित कार्यक्रम में जनप्रतिनिधियों सहित प्रशासनिक अधिकारियों ने नवदम्पत्तियों को शुभ आशीर्वाद दिया. उपस्थित जनों ने कहा कि गरीब लोगों के लिए यह योजना हितकारी है.

अब बेटियों के विवाह की चिंता स्वयं सरकार करती है और जनप्रतिनिधियों सहित अधिकारी उपस्थित रह कर वर-वधू को आशीर्वाद देते हैं. इस अवसर पर जिला भाजपा अध्यक्ष डॉ. राजेन्द्र मिश्र, अध्यक्ष नगर परिषद मऊगंज बृजवासी पटेल, कलेक्टर संजय कुमार जैन, पुलिस अधीक्षक दिलीप सोनी, अध्यक्ष जनपद पंचायत नईगढ़ी ममता तिवारी सहित बड़ी संख्या में वर-वधू तथा उनके परिजन उपस्थित रहे.

### कलेक्टर ने 8 अधिकारियों को दिया नोटिस

मऊगंज, 23 जनवरी, कलेक्टर संजय कुमार जैन ने लोक सेवा गारंटी अधिनियम के तहत दर्ज आवेदन पत्रों के निराकरण में लापरवाही बरतने पर 8 अधिकारियों को कारण बताओ नोटिस जारी किया है. उन्होंने एसडीएम मऊगंज संजय कुमार मेहता, एसडीएम हनुमना श्रीमती रश्मि चतुर्वेदी, तहसीलदार नईगढ़ी सुनील द्विवेदी, नायब तहसीलदार बैशाखूलाल प्रजापति, उमाकांत शर्मा, नीरज कुमार द्विवेदी, सीईओ जनपद परमानंद तिवारी तथा सीएमओ नगर परिषद महेश पटेल को आवेदन पत्रों के पोर्टल में दर्ज होने के बाद समय सीमा से बाहर लंबित प्रदर्शित होने पर कारण बताओ नोटिस जारी कर तीन दिवस में जबाव प्रस्तुत करने के निर्देश दिये हैं.

### गणतंत्र दिवस में सम्मानित होंगे स्वतंत्रता संग्राम सेनानी तथा वीर नारियां

मऊगंज, 23 जनवरी, मऊगंज जिले में गणतंत्र दिवस का जिला स्तरीय समारोह कलेक्ट्रेट परिसर में 26 जनवरी को सुबह 9 बजे से आयोजित किया जा रहा है. समारोह में स्वतंत्रता संग्राम सेनानियों, शहीदों की वीर नारियों तथा लोकतंत्र के प्रहरियों का सम्मान किया जाएगा. इस संबंध में अपर कलेक्टर पीके पाण्डेय ने कहा है कि स्वतंत्रता संग्राम सेनानियों, शहीदों की वीर नारियों, सैन्य अधिकारियों तथा लोकतंत्र के प्रहरियों को सभी एसडीएम गणतंत्र दिवस समारोह में शामिल होने के लिए सम्मानपूर्वक आमंत्रित करें एवं अधिक आयु अथवा स्वास्थ्य कारणों से जो समारोह में शामिल न हो सकें उन्हें घर पर जाकर शॉल-श्रीफल देकर सम्मानित करें.



# श्रीराम की झांकी के साथ देवरा महारानी दाई मंदिर से शोभायात्रा निकाली गई

**नवभारत न्यूज**

**मऊगंज, 23 जनवरी, अयोध्या मे श्री राम मंदिर की प्राण प्रतिष्ठा के अवसर पर देवरा महारानी दाई मंदिर से शोभायात्रा प्रभु श्री राम की दिव्य झांकी के साथ निकाली गई.**

शोभायात्रा देवरा ओवर ब्रिज होते हुए बाजार खटखरी पहुंचकर चौराहे से होते हुए पुन: महदेवन महा लोक धाम देवरा पहुंच कर प्रभु श्री राम के दिव्य दरबार का पूजन और आरती का कार्यक्रम हुआ. शोभायात्रा का जगह जगह स्वागत किया गया. इसके प्रसाद वितरण के साथ कार्यक्रम संपन्न हुआ कार्यक्रम मे बड़ी संख्या मे माताएए, बहने, भैया सभी भक्त गण शामिल हुए कार्यक्रम मे अरविन्द पटेल, बृजेश हिन्दू, रोहित पटेल,गगन पटेल, हरिन्द्र त्रिपाठी,ए पीयूष विश्वकर्मा, नितिन कुशवाहा, ध्रुव कुशवाहा, रिपसूदन उपाध्याय, अनिरुद्ध उपाध्याय, रवि कुशवाहा, पंकज कुशवाहा, शिवम गुप्ता, अभय गुप्ता, अतुल पटेल, शिवम पटेल, अमित पटेल, राज शर्माए सुमित शर्मा, विवेकए शर्मा सूरज पटेल, संदीप पटेल पाटिलए बड़ी संख्या मेभक्त गण शामिल हुए.

# हनुमना में रोजगार मेला 28 को

**नवभारत न्यूज**

**मऊगंज, 23 जनवरी, युवा संगम कार्यक्रम के तहत सेठ रधुनाथ प्रसाद महाविद्यालय हनुमना में 28 जनवरी को सुबह 11 बजे से दोपहर 2 बजे तक रोजगार मेला आयोजित किया जायेगा. रोजगार मेले में जिले के बेरोजगार युवक-युवतियों को विभिन्न कंपनियों में रोजगार के अवसर उपलब्ध कराए जाएंगे.**

उप संचालक रोजगार ने बताया कि रोजगार मेले में 10 कंपनियों द्वारा युवाओं का चयन किया जाएगा. मेले में शामिल होने के लिए विभिन्न कंपनियों में युवक एवं युवतियों की आयु सीमा तथा शैक्षणिक योग्यता अलग-अलग निर्धारित की गई है. वेतन एवं भत्ते 10000 रुपए से 22 हजार रुपए तक निर्धारित किया गया है. वेतन एवं भत्ता विभिन्न कंपनियों में अलग-अलग देय होगा. युवाओ को अपने साथ मूल अंकसूची तथा निवास प्रमाण पत्र की छायाप्रति, आधार कार्ड या वोटर आईडी, रोजगार कार्यालय का जीवित पंजीयन एवं नवीनतम दो पासपोर्ट साइज के फोटो लेकर आना अनिवार्य होगा.

रोजगार मेले में आमधनी बजाज ऑटो लि.मि. चाकन औरंगाबाद, याजाकी इंडिया प्रा. लि. अहमदाबाद, ब्राम्हादेवी इंजीनियरिंग इंदौर, आयसर ट्रक एण्ड बस पीथमपुर धार, प्रभा बायोप्लांट्स प्रा. लि. रीवा, प्रगतिशील एग्रोटेक प्रा. लि. रीवा, कैरियर्स डिस्ट्रीब्यूटर एण्ड सप्लायर्स रीवा, गोकलदास एक्सपोर्टस लि. बेंगलूरू, प्रगतिशील एग्रोटेक प्रा.लि. रीवा तथा सीआईआई-एमसीसी गुजरात में रोजगार के अवसर उपलब्ध रहेंगे.

# मऊगंज में गणतंत्र दिवस पर कलेक्टर फहराएंगे तिरंगा

**नवभारत न्यूज**

**मऊगंज, 23 जनवरी, मऊगंज जिले में गणतंत्र दिवस का मुख्य समारोह परेड ग्राउण्ड कलेक्ट्रेट परिसर में आयोजित किया जा रहा है.**

समारोह के मुख्य अतिथि कलेक्टर संजय कुमार जैन प्रात: 9 बजे ध्वजारोहण करके परेड की सलामी लेंगे. समारोह में जिला पुलिस बल, होमगार्ड, एनसीसी तथा अन्य दलों द्वारा आकर्षक परेड प्रस्तुत की जाएगी. समारोह के मुख्य अतिथि प्रदेश के मुख्यमंत्री के गणतंत्र दिवस संदेश का वाचन करेंगे. समारोह में विद्यार्थियों द्वारा रंगारंग सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत किए जाएंगे. समारोह में श्रेष्ठ कार्य करने वाले अधिकारियों कर्मचारियों को सम्मानित किया जाएगा. जिले के सभी नगरीय निकायों, जनपद पंचायतों, ग्राम पंचायतों तथा सभी शिक्षण संस्थानों में भी गणतंत्र दिवस समारोह पूर्वक मनाया जाएगा. गणतंत्र दिवस में प्रात: सभी शासकीय और अशासकीय कार्यालयों तथा शिक्षण संस्थाओं में ध्वजारोहण किया जाएगा. गणतंत्र दिवस की संध्या पर भारत पर्व का आयोजन किया जाएगा.

# गुढ़ तहसील स्थित हनुमान मंदिर में उमड़ा भक्तों का सैलाब

**नवभारत न्यूज**

**गुढ़, 23 जनवरी, जय श्रीराम हनुमान भक्त आयोजन समिति के तत्वाधान में गुढ तहसील प्रांगण मे विराजमान हनुमान मंदिर मे प्रति वर्ष की भांति इस वर्ष भी हनुमान जी की स्थापना वर्ष के दिन मानस पाठ कर 22 जनवरी को समाप्ति पश्चात भंडारे हुआ.**




जिसमे भारी संख्या मे श्रद्धालुओं ने मंदिर मे स्थापित कलयुग के राजा हनुमान जी के दर्शन कर तहसील मैदान मे संचालित भंडारे मे प्रसाद ग्रहण किया. भंडारे मे भक्तों ने चर्चा करते रहे कि इसी दिन अयोध्या जी मे राजा राम जी भी विराजमान हुए थे वह दिन कितना शुभ था उसी दिन उनके अनन्य भक्त बजरंग बली जी भी यहा विराज मान किये गये. अपर कलेक्टर सपना त्रिपाठी, एसडीएम प्यूस भट्ट, एसडीएम सुधाकर सिंह, तहसीलदार विनय मूर्ति शर्मा, तहसीलदार अरुण यादव, नायब तहसीलदार महिमा पाठक, तहसील गुढ़ व जिलेके प्रमुख अधिकारी कर्मचारियों सहित क्षेत्रीय जन समूह ने भंडारे मे प्रसाद ग्रहण किया. भंडारे मे वरिस्ठ पत्रकार सुरेन्द्र दिवेदी, इन्द्रभान प्रसाद उपाध्याय, पुष्पेन्द्र द्विवेदी, उपेन्द्र द्विवेदी मौजूद रहे.




राज्य स्तरीय प्रतियोगिता में चयनित पीएम श्री विद्यालय गुढ़ के छात्र

# गुढ़ कॉलेज में मतदाता जागरूकता के साथ मनाई गई जयंती

**नवभारत न्यूज**

**गुढ़, 23 जनवरी, शासकीय स्नातक महाविद्यालय गुढ़ में मतदाता जागरूकता कार्यक्रम एवं महान स्वतंत्रता सेनानी नेताजी सुभाष चंद्र बोस की जयंती हर्षोल्लास के साथ मनाई गई.**



कार्यक्रम की अध्यक्षता महाविद्यालय के प्राचार्य डॉ. आर. के. तिवारी द्वारा की गई तथा महाविद्यालय की वरिष्ठ प्राध्यापिका श्रीमती रेखा मिश्रा की गरिमामयी उपस्थिति रही. इस अवसर पर प्राचार्य ने लोकतंत्र में मताधिकार के महत्व पर विस्तार से प्रकाश डालते हुए विद्यार्थियों को जागरूक, जिम्मेदार एवं सक्रिय मतदाता बनने का आह्वान किया. साथ ही उन्होंने नेताजी सुभाष चंद्र बोस के राष्ट्रभक्तिपूर्ण जीवन, संघर्ष एवं उनके प्रेरणादायी विचारों पर विस्तार से चर्चा की. कार्यक्रम का संयोजन डॉ. संदीप कपूर एवं डॉ. राकेश अग्रवाल द्वारा किया गया.

## गणतंत्र दिवस की फाइनल रिहर्सल आज

मऊगंज, 23 जनवरी, मऊगंज जिले में गणतंत्र दिवस समारोह 26 जनवरी को कलेक्ट्रेट परिसर में परंपरागत ढंग से समारोह पूर्वक मनाया जायेगा. समारोह का फाइनल रिहर्सल 24 जनवरी को सुबह 9 बजे से कलेक्ट्रे परिसर में होगा. कलेक्टर संजय कुमार जैन ने आयोजन से जुड़े सभी अधिकारियों को पूरी तैयारी के साथ फाइनल रिहर्सल में उपस्थिति के निर्देश दिये हैं. गणतंत्र दिवस पर शासकीय भवनों में रोशनी होगी.

# पीएमश्री विद्यालय में तीन छात्रों का राज्य स्तरीय प्रतियोगिता में चयन

**नवभारत न्यूज**

**गुढ़, 23 जनवरी, गुढ़ हायर सेकेंडरी स्कूल गुढ़ जो अब पीएम श्री विद्यालय के नाम से जाना जाता है. उपरोक्त विद्यालय में क्रीड़ाअधिकारी इस्तहाक खान की जब से संविदा नियुक्त हुई है तब से पीएम श्री गुढ़ में खेल को काफी बढ़ावा मिला है.**

मध्य प्रदेश शासन भोपाल के आदेशानुसार खेलों यम पी यूथ गेम्स रीवा जिले में क्रिकेट, फुटबॉल, रस्साकसी गिप्पी गेंद (पिट्ठू गेम) सहित कई खेलों का आयोजन हर विद्यालय में किया गया. पीएम श्री विद्यालय गुढ़ में इसका आयोजन किया गया. उसमें कई छात्र एवं छात्राओं ने भाग लिया और उनका चयन रीवा जिला स्तरीय प्रतियोगिता में चयनित हुई विद्यालय के छात्रों का खेल का आयोजन स्पोर्ट्स कॉम्प्लेक्स रीवा किया गया है.

जिस पर 21 जनवरी को रीवा में हुआ रस्साकसी एवं गिप्पी गेंद में पीएम श्री विद्यालय गुढ की तीन छात्राओं जिसमें मानसी रजक, रिया रावत, नीलू साकेत, का चयन राज्य स्तरीय प्रतियोगिता में चयन हुआ है जो अब यह छात्राएं पीएम श्री विद्यालय गुढ का नाम रोशन करते हुए पहली बार उज्जैन व ग्वालियर के लिए 30 जनवरी को खेलने जाएंगे. प्रतियोगिता के दौरान छात्रो ने बेहतर प्रदर्शन कर सभी का मन मोह लिया.

पीएम श्री गुढ विद्यालय में पहली बार हुए चयनित हुई छात्राओं को गुढ़ क्षेत्र के लोगों ने बधाई दी.

क्रीड़ा अधिकारी इस्तहाक खान व पीएम श्री गुढ़ प्राचार्य डॉ विनय कुमार मिश्र को व प्रभारी प्राचार्य राजेश मिश्र, खेल प्रभारी सौरभ मिश्र, ब्लॉक कोऑर्डिनेटर श्रीमती ज्योति सिंह को बधाई दी गई. जिसमें कहा गया की पढ़ाई के साथ-साथ खेल में भी छात्र एवं छात्राएं बढ़-चढ कर भाग ले रही हैं और विद्यालय का नाम रोशन कर रही है.

# ऑपरेशन उत्तरदायित्व के तहत जनहित को लेकर सौंपा गया ज्ञापन

**नवभारत न्यूज**

**मऊगंज, 23 जनवरी, जिला विकास संघर्ष परिषद् मऊगंज द्वारा चलाये जाने वाले ''ऑपरेशन उत्तरदायित्व'' के तहत मऊगंज जिले के जनहित को दृष्टिगत रखते हुये एक आग्रह पत्र जिला प्रशासन मऊगंज अपर कलेक्टर पी0के0 पाण्डेय को परिषद् के सदस्यों द्वारा सौंपा गया.**



जिसमें मऊगंज जिला मुख्यालय को रेल सेवा से जोड़ने हेतु रीवा मिर्जापुर रेल लाइन का निर्माण कराने मऊगंज जिले में प्रधान जिला व सत्र न्यायालय की स्थापना शीघ्र कराने, स्वास्थ्य विभाग में व्याप्त अराजकता दूर कर लोगों को सुविधाजनक स्वास्थ्य सुविधा उपलब्ध कराने, राजस्व विभाग के कर्मचारियों का मुख्यालय में ड्यूटी सुनिश्चित कराने, मऊगंज जिले के अधीन सीतापुर-हनुमना सूक्ष्म सिंचाई परियोजना की सतत निगरानी कर समय सीमा में पूरा कराने, बेरोजगार युवाओं को रोजगार के लिये मऊगंज जिले के अधीन उद्योग समूहों की स्थापना कर उन्हे रोजगार के अवसर प्रदान करने, जिला कलेक्टर कार्यालय में रिक्त पड़े पदों को तत्काल भरकर आम लोगों के लिये शासन को अपने उत्तरदायित्व निर्वहन करने के लिये व मऊगंज जिले के लाखों लोगों के कल्याण, उत्थान व विकास के विभिन्न माध्यमों को संचालित करने वाले अधिकारी एवं कर्मचारियों के गैर जिम्मेदारपूर्ण रवैये के लिये ऑपरेशन उत्तरदायित्व चलाया जायेगा. जिला विकास संघर्ष परिषद् के संयोजक अधिवक्ता संतोष मिश्रा, कर्दम ऋषि, विद्याधर मिश्र आदि मौजूद रहे.

# गणतंत्र दिवस पर आयोजित होंगे कार्यक्रम

**नवभारत न्यूज**

**मऊगंज, 23 जनवरी, मऊगंज जिले में गणतंत्र दिवस समारोह हर्षोल्लास के साथ मनाया जाएगा. जिला मुख्यालय में कलेक्ट्रेट परिसर में सुबह 9 बजे मुख्य अतिथि कलेक्टर संजय कुमार जैन ध्वजारोहण करके परेड की सलामी लेंगे.**

समारोह में मुख्यमंत्री जी के संदेश का वाचन किया जाएगा. समारोह में स्कूली बच्चों द्वारा रंगारंग सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत किए जाएंगे. मुख्य समारोह में विभिन्न विभागों द्वारा आकर्षक झांकियों के माध्यम से विभागीय उपलब्धियों और प्रदेश में विकास को प्रदर्शित किया जाएगा. समारोह में उत्कृष्ट कार्य करने वालों को पुरस्कृत किया जाएगा. जिले के सभी प्राथमिक तथा माध्यमिक स्कूलों में विशेष मध्यान्ह भोजन का आयोजन किया जाएगा.

गणतंत्र दिवस में प्रात: सभी शासकीय और अशासकीय कार्यालयों तथा शिक्षण संस्थाओं में ध्वज वंदन किया जाएगा. गणतंत्र दिवस की संध्या पर भारत पर्व का आयोजन किया जा रहा है. शासकीय केदारनाथ महाविद्यालय में शाम 6 बजे से भारत पर्व पर विभिन्न दलों द्वारा रंगारंग सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत किए जाएंगे.गणतंत्र दिवस समारोह में विकासखण्ड स्तर पर जनपद पंचायत अध्यक्ष द्वारा ध्वजारोहण किया जाएगा.

ऐसी नगर परिषदें जो विकासखण्ड मुख्यालय में स्थित नहीं हैं वहाँ नगर परिषद के अध्यक्ष द्वारा ध्वजारोहण किया जाएगा.

ग्राम पंचायत में सरपंच द्वारा ध्वजारोहण किया जाएगा. इन समारोहों में ध्वजारोहण के बाद सामूहिक रूप से राष्ट्रगान का गायन होगा.

## प्रोग्रेसिव पेंशनर की बैठक आयोजित

**मऊगंज, 23 जनवरी,** प्रोग्रेसिव पेंशनर्स एशोसिएशन भोपाल म0प्र0 की मऊगंज जिला शाखा की बैठक श्री सिद्ध हनुमान मंदिर प्रांगण में संगठन के अध्यक्ष कर्दम ऋषि तिवारी अध्यक्ष की अध्यक्षता में सम्पन्न हुई. बैठक में पेंशनर्स की समस्याओं पर चर्चा हुई. प्रान्तीय निर्देशानुसार प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी को अपनी सात सूत्रीय समस्याओं के निराकरण हेतु पत्र लिखकर डाक द्वारा हर पेंशनर से भेजे जाने हेतु आग्रह किया. इस दौरान कर्दम ऋषि तिवारी, सूर्यमणि शुक्ला, विश्नाथ पाण्डेय, सी0एल0 शर्मा, रामलखन शर्मा मौजूद रहे.

# विशेष ग्राम सभाओं का आयोजन आज से

**नवभारत न्यूज**

**मऊगंज, 23 जनवरी, मऊगंज जिले में आगामी गणतंत्र दिवस के अवसर पर ग्राम पंचायतों में विशेष ग्राम सभाओं का चरणबद्ध आयोजन किया जाएगा. इस संबंध में जिला पंचायत के मुख्य कार्यपालन अधिकारी मेहताब सिंह गुर्जर ने बताया कि जिले में 24 जनवरी से 28 जनवरी तक ग्राम पंचायतों में विशेष ग्राम सभाएं आयोजित की जा रही हैं.**

इसके लिए नोडल अधिकारी तैनात कर दिए गए हैं. विशेष ग्राम सभाओं में संकल्प से समाधान अभियान की प्रगति की जानकारी आमजनता को दी जाएगी. ग्राम सभा में पंचायत की आय बढ़ाने, ई कोर्ट की स्थापना, नलजल योजनाओं की प्रगति तथा पेयजल व्यवस्था, निर्माण कार्यों की प्रगति तथा नवकरणीय ऊर्जा को बढ़ावा देने के संबंध में प्रस्ताव रखे जाएंगे. मुख्य कार्यपालन अधिकारी ने बताया कि विशेष ग्राम सभा में स्वच्छ भारत मिशन, प्रधानमंत्री पोषण शक्ति योजना, एक बगिया माँ के नाम योजना, जॉब कार्ड अपडेशन, महिला स्वसहायता समूहों की प्रगति तथा जल संरक्षण के कार्यों के संबंध में प्रस्ताव रखे जाएंगे. ग्राम सभा में पशुपालन विभाग की क्षीरधारा ग्राम योजना, वृंदावन ग्राम योजना तथा कृषि विभाग की धरती माता बचाओ अभियान के संबंध में चर्चा की जाएगी. विशेष ग्राम सभा में गर्भवती महिलाओं के पंजीयन तथा जाँच, महिलाओं में एनीमिया रोकने के प्रयासों, शिशुओं की स्वास्थ्य रक्षा, ग्राम स्वास्थ्य पोषण एवं स्वच्छता दिवस पर चर्चा की जाएगी.

जनपद के मुख्य कार्यपालन अधिकारी सभी ग्राम पंचायतों में चरणबद्ध ढंग से ग्राम सभाओं का आयोजन कराकर नोडल अधिकारी के माध्यम से प्रतिवेदन प्रस्तुत करें. विशेष ग्राम सभा में शासन की योजनाओं की विस्तृत जानकारी दी जाएगी.

# गीतांजलि पब्लिक स्कूल रीवा में मनाया गया बसंत उत्सव

**नवभारत न्यूज**

**रीवा, 23 जनवरी, गीतांजलि पब्लिक स्कूल में बसंत उत्सव व विज्ञान प्रदर्शनी का आयोजन किया गया. इस उत्सव का शुभारंभ मुख्य अतिथि सैनिक स्कूल प्राचार्य कर्नल अविनाश रावल एवं मैडम रावल विशिष्ट अतिथि विद्यालय संस्थापक शिवप्रसाद प्रधान, श्रीमती अरुणा प्रधान ने माँ सरस्वती की प्रतिमा के समक्ष दीप प्रज्जवलन कर कार्यकम का शुभारंभ किया.**



कार्यकम को आगे बढ़ाते हुए विद्यालय के विभिन्न कक्षाओं के छात्र-छात्राओं ने रंगारंग सांस्कृतिक झलकियों प्रस्तुत की. इन सांस्कृतिक झलकियों ने सबके मन को भावविभोर कर कार्यक्रम में उपस्थित अभिभावकों व मुख्य अतिथि को तालियाँ बजाने के लिए विवश कर दिया. प्राचार्य कर्नल अविनाश रावल ने अपने उद्बोधन में छात्रों को संबोधित करते हुए कहा कि हमारे लिए सर्वप्रथम राष्ट्रसेवा महतवपूर्ण है. आगे उन्होने कि छात्रों द्वारा बनाए गये विभिन्न विषयों से संबंधित मॉडलों की प्रसंशा की तथा बच्चों के उज्जवल भविष्य की कामना की. श्री प्रधान ने अपने उद्बोधन में कहा कि आज के इस कार्यकम के छात्र-छात्राओं ने विज्ञान प्रदर्शनी वैज्ञानिक, गणितीय, कला, फैशन, जीवन बीमा आदि के मॉडल बनाकर छात्रों ने पारदर्शी व सरल भाषा में प्रस्तुत किया. छात्रों के इस उम्र की मेहनत की सराहना करते हुए उनके उज्जवल भविष्य की कामना की तथा मंच संचालन करने वाली छात्राएँ नव्या सिंह एवं श्रेया सिंह की व्यवस्थि कार्यक्रम के संचालन की सराहना किया.

आगे श्री प्रधान ने कहा कि बच्चों के मेहनत के लिए विद्या की देवी माँ सरस्वती का आर्शीवाद सदैव बना रहे. इस कार्यकम में स्कूल संचालक वरूण प्रधान, श्रीमती रितिका प्रधान ने छात्रों के माडलों की सराहना की. अंत में मुख्य अतिथि ने घूम-घूमकर बच्चों के द्वारा लगाए गये स्टालों की सराहना की.